[Shri M. C. Shah]

she can fall back. Assam will also get, in due course, a loan equal to what she has had to divert from her resources for meeting this expenditure.

Therefore, it will be seen that the Government of India have already promised all those States which are affected by flood that finance will not stand in helping any of these relief and rehabilitation schemes and also the development schemes under the Five Year Plan.

In Bengal also, the same position is there. I would not narrate anything about this. Looking to this common pattern of assistance to be given to the States, which I have already indicated, I hope my hon. friend will not press this resolution and will withdraw it.

Shri R. K. Chaudhuri: I wanted an assurance that, as was done in the case of Dibrugarh, Government would also take necessary measures to protect the town of Palasbari. Actually, so much amount has been spent and at this stage the Government of Assam may not agree to take a loan; they want a grant. I would also like to know what is the decision of the Flood Control Board which sat recently, so far as Palasbari and Dibrugarh are concerned.

Shri M. C. Shah: As I have already stated, these estimates are submitted by the State Government. The Centre has a common pattern of assistance to the States of West Bengal, U.P. and Bihar, and, according to that common pattern, we are prepared to give any assistance that is required.

Shri R. K. Chaudhuri: In view of what I have heard and with much greater hopes, I beg leave of the House to withdraw the Resolution.

The Resolution was, by leave, withdrawn.

(4 P.M.

RESOLUTION *RE*: APPOINTMENT OF A HINDI LAW COMMISSION

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा (पटना पूर्व) : सभापति महोदय, मैं इस प्रस्ताव को आपके सामने रखने की अनुमति आप से चाहती हूं और सदन की अनुमति भी चाहती हूं। मुझे आशा है कि मेरा यह प्रस्ताव स्वीकृत किया जायेगा और मुझे अनुमति दी जायेगी कि मैं इस प्रस्ताव को सभा के सामने रक्खूं।

Sir, I beg leave of the House to introduce the Resolution.

Mr. Chairman: The hon. Member wants to speak subsequently?

Shrimati Tarkeshwari Sinha: I just ask for leave to introduce my Resolution.

Mr. Chairman: There is no question of leave; the hon. Member can move her Resolution.

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा : मेरा प्रस्ताव इस प्रकार है :

> "This House is of opinion that the Central Government should immediately appoint a Hindi Law Commission consisting of Hindi and Sanskrit scholars including members of the bar and the bench to prepare authoritative Hindi texts of all the Central laws."

सभापति महोदय, मैंने अपना यह प्रस्ताव इसलिये प्रस्तुत करना चाहा है कि यह समस्या बहुत अहम है, बहुत महत्वपूर्ण है, और मुझे यह उम्मीद है कि सभा की राय भी मुझ से मिलती जुलती होगी। यह तो हम मानते ही नहीं हैं कि हमारा राजनैतिक, आर्थिक और सामाजिक दामन हमेशा अंग्रेजी से ही बंधा रहेगा। हम गुलाम थे और सैंकड़ों वर्षों तक हम अपनी सभ्यता और अपनी भाषा को भुला बैठे थे। लेकिन इसका मतलब यह तो नहीं होता कि हिंदुस्तान के आजाद नागरिक होने की हैसियत से हम अपनी सभ्यता की ओर न देखें, हम अपनी संस्कृति न बनायें और अपनी भाषा न बनायें। हम इस बात का एहसास करते

हैं कि इस पृथ्वी के अन्दर हम और हमारी सभ्यता इतनी पुरानी हैं जितनी पुरानी सभ्यता और संस्कृति बहुत कम देशों की हैं। अक्सर ऐसा देखा जाता हैं कि जैसे जैसे मनुष्य सभ्यता की ओर बढ़ता जाता हैं, वैसे वैसे उस का सांस्कृतिक, नैतिक, मानसिक और सामाजिक विकास भी होता जाता हैं। भाषा तो केवल मानसिक, सामाजिक और नैतिक विकास को सामने रखने का एक संकेत हैं। वह एक माध्यम हैं जिसके द्वारा हम अपना विकास कर सकते हैं और हम इस पृथ्वी के ऊपर अथवा दुनियां के अन्दर रह सकते हैं। हमें तो यह बात सुन कर बड़ा आश्चर्य होता हैं जब यह कहा जाता हैं कि हिन्दी भाषा जो हैं, या हिन्दुस्तानी भाषा जो हैं वह बहुत नई हैं, बहुत छिछली हैं, उस में इतने पर्याप्त शब्द नहीं हैं कि वह ऐसी भाषा बन सके जो विधि के काम में आ सके, कानून के काम आ सके या विज्ञान के क्षेत्र में आ सके। अक्सर ऐसा होता हैं कि जितनी सभ्यता बढ़ती जाती हैं उतनी ही भाषा भी बढ़ती जाती हैं। परन्तु बदकिस्मती से हमारे साथ ऐसा हुआ कि हमारे देश पर बराबर विदेशियों की चढ़ाइयां होती रहीं। तरह तरह की सभ्यतायें आईं और हमारी जो पुरानी सभ्यता और संस्कृति थी उस पर बहुत से कुठाराघात किये गये, बहुत प्रहार हुए। नतीजा यह हुआ हमारे देश की सभ्यता का रूप बहुत तरह से बदला। जब अंगरेज हमारे यहां आये तो उन की मंशा यह थी कि हमारे देश की सभ्यता का कोई भाग हमें इस बात की याद दिलाने को न रह जाये कि हम भी संसार की बहुत बड़ी संस्कृति के एक अंग थे और हमारी जो सभ्यता और संस्कृति थी वह बहुत ऊंचे दर्जे की थी। वह तो हमारा नाम व निशान और हमारी संस्कृति और सभ्यता का नाम व निशान मिटा देना चाहते थे। परन्तु हमारी सभ्यता इतनी शक्तिशाली और गंभीर थी कि वह इस को मिटा नहीं सके। और आज भी हमारे यहां हमारी सभ्यता और संस्कृति एक पुरानी यादगार के रूप में विद्यमान हैं। इस के लिये हमें फख्र हैं, हमें अभिमान हैं। ऐसी स्थिति में क्या यह हमारा और हमारे देश का फर्ज नहीं हो जाता कि हम अपनी सभ्यता और संस्कृति को, अपनी भाषा को, उसी उन्नत रूप में अपने सामने रक्खें, जिस पर हमें अभिमान हो।

आज हमारी भाषा में ऐसी कमियां हैं जिन के लिये हमें अफसोस होता हैं कि वह कमियां क्यों हैं। क्योंकि यहां उस भाषा का प्रश्न हैं जो कि हमारे देश की भाषा हैं। मैं खाली हिन्दी के बारे में ही नहीं कहती, यहां की जितनी भी भाषायें हैं, सब के बारे में कहती हूं। बल्कि मैं तो यह कहती हूं कि जो भी और भाषायें हिन्दुस्तान की हैं उन में से बहुत सी हिन्दी से भी कहीं बढ़ी चढ़ी हैं, जैसे कि तामिल भाषा हैं, उस का साहित्य भंडार बहुत बड़ा हैं और बहुत ऊंचे दर्जे का हैं। परन्तु जो हमारी संस्कृत भाषा थी क्या उस में शब्दों की कमी थी कि जिन शब्दों से हम अपना विकास आज कर सकते, अपने संकेतों का बोध कर सकते? ऐसे शब्दों की संस्कृत में कमी नहीं थी। मैं जानती हूं कि आज देश के कई प्रति शत लोग अंगरेजी समझते हैं। मैं यह भी मानती हूं कि देश के बहुत से लोग हिन्दी भी नहीं समझते। परन्तु हम ने मान लिया हैं कि पंद्रह वर्षों के बाद हिन्दी ही हमारी भाषा होगी। सात वर्ष तो बीत चुके हैं और अगले आठ या नौ वर्षों के अन्दर, हम चाहें या न चाहें, सब को हिन्दी सीखनी ही होगी। १९६४ की रात गुजरने के बाद जब १९६५ की सुबह होगी, १९६५ की पहली जनवरी को जब सूर्य निकलेगा तो क्या हम में हिम्मत होगी कि हम अंगरेजी शब्दों का उपयोग कर सकें? यदि हम अभी से प्रयत्न नहीं करते तो फिर जब हम नींद से उठेंगे तो हमें ऐसा मालूम होगा कि हमने हिन्दी के लिये कुछ नहीं किया। हम ने हिन्दी को राज्य भाषा बनाने का निश्चय तो किया लेकिन हमें इस पर अभिमान नहीं होगा। हम कभी यह महसूस नहीं करेंगे कि हमारे देश में भी ऐसे शब्द हैं या ऐसी भाषा हैं जिस में कि हम कानून बना सकते हैं, जो विज्ञान का विकास कर सकती हैं। इस लिये जरूरत इस बात की

[श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा]

हैं कि जल्दी से जल्दी इस बात का फैसला किया जाय कि कानून और विज्ञान के रास्ते में हिन्दी का विकास हो । अभी तक केवल साहित्य के रास्ते में हिन्दी का विकास हुआ हैं । हिन्दी बराबर साहित्यकों की भाषा रही हैं । हिन्दी में उपन्यासकारों ने अपने रंग भरे और कवियों ने उस में अपनी लय भरी, परन्तु विज्ञान के आचार्यों ने हिन्दी को कभी नहीं अपनाया । हिन्दी को द्वारपाल की जगह अंगरेजी साम्राज्य के सामने खड़ा किया गया । अंगरेजों के राज्यकाल में हिन्दी को राज्य के अन्दर नहीं घुसने दिया गया । ऐसा अवसर उसे नहीं दिया गया कि वह यहां पार्लियामेन्ट के अन्दर आ सकती । इस लोक सभा के अन्दर हिन्दी सीखने वालों की हिम्मत नहीं पड़ती थी, हिन्दी बोलने वालों की हिम्मत नहीं पड़ती थी कि वह अपनी भाषा को यहां पर बोलें । हम ने इस देश के अन्दर हिन्दुस्तानी भाषा को अपनी आंखों से फलते फूलते नहीं देखा, सिर्फ अपने दुश्मनों की आंखों से देखा, जो कि इस बात की हिम्मत नहीं कर सकते थे कि हिन्दी में अपने देश की भावनाओं को प्रकट कर सकें । परन्तु अब इस बात का होना एक लज्जा की बात हैं । चूंकि संविधान में हमने यह फैसला किया हैं कि सब लोगों को बराबर का हक होगा राज काज चलाने में, सब का उस में बराबर का हिस्सा रहेगा, हम ने जो प्रतिज्ञा की थी जनता के सामने कि राज कार्य में हम जनता का साथ लेंगे, जनता एक सेवक की तरह नहीं, एक नौकर की तरह नहीं, बल्कि नागरिक की हैसियत से हमारे सामने अपने सुझाव रक्खेगी, जनता दिग्दर्शक की हैसियत से इस राष्ट्र को और हिन्दुस्तान की सरकार को रास्ता दिखायेगी । जहां की जनता अंगरेजी नहीं जानती हैं, वहां की जनता को अगर हिन्दुस्तानी भाषा में सरकार से काम लेने का मौका मिलेगा तभी वहां के राज काज में जनता साथ दे सकती हैं । इस लिये मेरा यह कहना हैं कि केन्द्र और राज्यों का जल्दी से जल्दी हिन्दीकरण होना चाहिये । हमारे कुछ कानून हिन्दी में जरूर बने हैं, मुझे मालूम हैं कि हमारे जो विधि मंत्री हैं, कानून के मंत्री हैं वह हमारे सामने यह रक्खेंगे कि सन् १९४७ से पूर्व हिन्दी में कुछ नहीं होता था, सन् १९४७ के बाद से हमने काफी काम किया हैं, करीब २,००० पन्नों का हिन्दीकरण हो गया हैं और सिर्फ १५०० पन्ने बाकी रह गये हैं । परन्तु जब हिन्दीकरण होता हैं तो, आप किसी से पूछ लें जो कानून जानते हैं, जो हिन्दी को भी जानते हैं, बल्कि उन भाइयों से भी पूछ लें जो कि दक्षिण के हैं कि क्या उन को इन हिन्दी के कानूनों से तसल्ली हैं ? क्या उन को इन कानूनों पर भरोसा हैं जो कि हिन्दी में बने हैं कि वह अच्छे होंगे ? इस लिये मेरी राय यह हैं कि जल्दी से जल्दी हम एक ऐसा आयोग स्थापित करें जो कि इन तमाम बातों को देखे और जहां जरूरत हो इस को बदले । जहां शब्दों के बदलने की जरूरत हो वहां शब्दों को बदले और जहां भाषा को बदलने की जरूरत हो वहां भाषा को बदले । जहां कानूनों का हिन्दी में अनुवाद करना हो वहां वह उनका अनुवाद भी करे ।

ऐसी दशा में दो सवाल उठते हैं कि हमें क्या करना चाहिये । हम ने अभी तक जो किया हैं वह सन्तोषजनक नहीं रहा हैं । मैं जानती हूं कि अभी तक बहुत सी ऐसी शक्तियां काम करती रही हैं, जिन्होंने कभी हिन्दी की अहमियत को नहीं पहचाना, जिन्होंने, मैं सिर्फ हिन्दी की बात नहीं कहती, हिन्दुस्तान की भाषाओं की ही अहमियत को नहीं पहचाना, जो समझते हैं कि अंग्रेजी ही एक ऐसी भाषा हैं जिस में विज्ञान की पुस्तकें बन सकती हैं । जिस में ही कानून जारी हो सकते हैं । अगर किसी दूसरी भाषा में कानून बना तो कानून का गला घुट जायेगा । मेरे एक साथी जो मेरे बगल में बैठे हैं उन्होंने अभी दो मिनट पहले मुझ से कहा कि आप यह क्या करने जा रही हैं । अगर कानून हिन्दी में बनाये गये तो उन का गला घुट जायेगा । तो यह बड़े अफसोस की बात हैं । यह कैसे शोक की बात हैं कि हमारे हिन्दुस्तानी भाई यह कहें कि हिन्दुस्तान की किसी भाषा में कानून का अनुवाद नहीं किया

जा सकता हैं । यानी इस का यह अर्थ हैं कि एक अंग्रेजी ही ऐसी भाषा हैं कि जो स्वर्ग से उतरी हैं और उसी भाषा में ऐसा गुण हैं कि उसी में इस देश की सारी की सारी संस्कृति और सभ्यता और सारे भूमंडल की सभ्यता पनप सकती हैं, और किसी दूसरी भाषा में नहीं पनप सकती हमारे दोस्त उस जमाने को जरा याद करें जब कि अंग्रेजी यहां नहीं आयी थी । क्या आप कह सकते हैं कि उस समय हमारे देश में काम नहीं होता था और हम उन के भरोसे बैठे थे कि वह आयें और हम को सिखायें । वास्तव में हमने गुलाम होते हुए भी अंग्रेजों को बहुत कुछ सिखाया हैं । हमने उन से उतना सीखा नहीं ।

श्री टंडन (अम्बाला-शिमला) : तलाक सीखा हैं ।

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा : मैं यह मानती हूं कि अंग्रेजी भाषा का एक महत्व हैं । मैं इस लिये अंग्रेजी का महत्व नहीं मानती कि उसका बहुत बड़ा विकास हुआ हैं । मैं इस लिये उस का महत्व मानती हूं कि आज जो देश एक दूसरे के बहुत नजदीक आ गये हैं उनके एकीकरण करने में उस का महत्व हैं । वह उन देशों को एक दूसरे के नजदीक लाने में महत्वपूर्ण योग दे सकती हैं । इसी कारण मैं उस का महत्व मानती हूं । लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि हम लोग अंग्रेजी के गुलाम हो जायें और हम को अंग्रेजी बोलना ही अच्छा लगे और हम को हिन्दी बोलने में शर्म आवे । आज हिन्दी बोलने वालों को ऐसा मालूम होता हैं कि अगर हम हिन्दी में बोलेंगे तो हमारी बात कोई सुनेगा नहीं । देश के अखबार वाले हिन्दी में बोलने वालों की कोई कीमत नहीं करते हैं, उनका अखबारों में कोई चर्चा नहीं होता हैं । जो हमारे बड़े बड़े बुजुर्ग हैं वे हिन्दी में बोलने वालों की कोई कीमत नहीं करते हैं । और इस लिये लोगों को अपनी भाषा में बोलने का मौका नहीं मिलता हैं । अगर कोई भाई दक्षिण की भाषा में बोले तो शायद उस को एक भी सुनने वाला न हो । अगर हमें अपनी भाषा और संस्कृति की कोई कद्र नहीं हैं तो हमें अपनी सभ्यता और मनुष्यता पर क्या अभिमान हो सकता हैं । इस लिये मेरा निवेदन हैं कि जल्द से जल्द इस बात की तरफ हमारी सरकार का ध्यान दिलाया जाये और वह एक ऐसे आयोग की स्थापना करें कि जितने हमारी केन्द्रीय सरकार के कानून हैं उन का हिन्दीकरण किया जाये ।

अभी एक किताब मेरे सामने हैं । हमारे जो विधि मंत्री महोदय हैं वे इतनी हिन्दी नहीं जानते वर्ना मैं उन से कहती कि आप इस किताब को पढ़ लीजिये । अगर आप इस किताब को किसी मैट्रिक के विद्यार्थी को दें तो वह भी यही कहेगा कि यह क्या भाषा का मजाक हो रहा हैं । इस में न तो ठीक से कॉमा हैं, न विराम हैं, न ठीक से अनुवाद ही किया गया हैं । अनुवादक ने अंग्रेजी का अंग्रेजों की तरह से अनुवाद किया हैं । हिन्दुस्तानियों की रीति से इस का अनुवाद नहीं हुआ हैं । अंग्रेजी शब्दों के लिये उपयुक्त हिन्दी शब्द नहीं काम में लाये गये हैं । हम यह देखते हैं कि होता यह हैं कि हमारे दिमाग में पहले अंग्रेजी के शब्द आते हैं । हिन्दी बोलने वालों के भी दिमाग में पहले अंग्रेजी के शब्द आते हैं और फिर वे मन में उन का अनुवाद करके हिन्दी में बोलते हैं । लेकिन पहले वाक्य उन के दिमाग में अंग्रेजी के ही आते हैं । उन वाक्यों का हम हिन्दी में अपने मन में अनुवाद करके तब हिन्दी बोलते हैं । इस लिये ऐसे अनुवाद से हमारा काम नहीं चलेगा । १९६५ में जब जबरदस्ती कानून को हिन्दी में आना पड़ेगा, विज्ञान को हिन्दी में आना पड़ेगा, तो इस तरह की किताबों से काम नहीं चलेगा और न कोई उन को समझेगा । हां लोग उर्दू में कानून को समझेंगे क्योंकि उर्दू में कानून चला आ रहा हैं । जो पढ़े लिखे हैं वे भी उसे समझते हैं और जो नहीं पढ़े हैं वे भी समझते हैं । इस का यह मतलब हैं कि उर्दू का कानून पढ़ो और उस में जानकारी हासिल करो । लेकिन प्रजातन्त्र में विशेष कर जनता का सम्बन्ध सरकार से विधि द्वारा ही होता हैं । विधि

[श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा]

सरकार की जबान हैं जिस के द्वारा वह जनता तक पहुंचती हैं । सरकार जो कानून बनाती हैं उससे जनता का सम्बन्ध रहता हैं । अगर हिन्दी में कानून होगा तो उससे जनता को ज्यादा से ज्यादा फायदा होगा । हमारी इतनी पुरानी सभ्यता हैं फिर भी क्या हमारे पास शब्दों की कमी हैं कि हम कानून नहीं बना सकते । हमारी भाषा से विज्ञान के शब्द निकले और दूसरी विद्याओं के शब्द निकले । तो क्या हम अपनी भाषा के शब्दों से बने कानून को नहीं सीख सकेंगे । क्या हम इतने पंगु हैं कि अंग्रेजी के बिना हमारा विकास रुक जायेगा । हम यह नहीं मानते कि हिन्दुस्तान इतना कमजोर हैं कि अगर हिन्दुस्तान की भाषा में कानून बन जायें तो हमारा विकास लोप हो जायेगा ।

इस लिये मैं इन शब्दों के साथ अनुरोध करती हूं कि सरकार और यह सभा मेरे इस प्रस्ताव को स्वीकार करें । इसके कण कण में भारतीयता लिपटी हुई हैं, देश प्रेम लिपटा हुआ हैं, देश अभिमान लिपटा हुआ हैं । मैं समझती हूं कि हम में देशाभिमान हैं और हमारी सरकार में देशाभिमान हैं और इस समय वह चूकेगी नहीं और इस प्रस्ताव को स्वीकार करेगी ।

Mr. Chairman: Let me place the resolution before the House. Resolution moved:

> "This House is of opinion that the Central Government should immediately appoint a Hindi Law Commission consisting of Hindi and Sanskrit scholars including members of the bar and the bench to prepare authoritative Hindi texts of all the Central laws."

With regard to the amendments, Shri Shree Nayan Das is not here and so amendments Nos. 1 and 2 go out. Shri Dabhi is moving amendment No. 3, but not No. 5, Shri Achuthan is moving No. 4, Shri Radha Raman No. 6, Shri Raghunath Singh No. 7: Shri Vidyalankar is not here and so amendment No. 8 goes out.

Regarding amendment No. 9 of Shri Nageshwar Prasad Sinha, I cannot allow him to move it because it negatives the resolution.

Shri Nageshwar Prasad Sinha (Hazaribagh East): When I saw my amendment in the list, I thought that it was in order.

Mr. Chairman: Order, order. The amendment is not in order because it is a negation of the resolution.

Shri M. L. Dwivedi (Hamirpur Distt.): I have got an amendment and I gave it an hour ago.

Mr. Chairman: I am very sorry and unless the mover of the resolution agrees, it cannot be accepted. It is too late now.

Shri M. L. Dwivedi: My amendment is a small one.

Mr. Chairman: It might be small or it might be big.

Shri M. L. Dwivedi: I am requesting the hon. Minister to accept it.

Mr. Chairman: Today it cannot be allowed.

Shri Dabhi (Kaira North): I beg to move:

That at the end of the Resolution the following be added, namely:

> "as well as to revise, where necessary, the present authorised Hindi Translation of the Constitution."

Shri Achuthan (Crangannur): I beg to move:

That for the original Resolution the following be substituted, namely:

> "This House is of opinion that the Central Government should appoint a Hindi Law Commission consisting of Hindi and Sanskrit scholars including Members of the Bar and the Bench to prepare authoritative Hindi texts of all Central Laws and at the same time appoint similar Commissions

of qualified men to prepare authoritative texts of all Central Laws in all the languages mentioned in the Eighth Schedule to the Constitution."

Shri Radha Raman (Delhi City): I beg to move:

That for the original Resolution the following be substituted, namely:

"This House is of opinion that the Central Government should immediately appoint an *ad hoc* Committee of suitable persons to examine and review the existing machinery and arrangements for preparation of authoritative Hindi Texts of all Central Laws and also to recommend, if necessary, the appointment of a special Commission for the purpose."

Shri Raghunath Singh (Banaras Distt.—Central): I beg to move:

That for the original Resolution the following be substituted, namely:

"This House is of opinion that the Central Government should immediately take adequate steps to prepare the texts of all laws in the National Language."

Mr. Chairman: Amendments moved:

(i) That at the end of the Resolution the following be added, namely:

"as well as to revise, where necessary, the present authorised Hindi translation of the Constitution."

(ii) That for the original Resolution the following be substituted, namely:

"This House is of opinion that the Central Government should appoint a Hindi Law Commission consisting of Hindi and Sanskrit scholars including Members of the Bar and the Bench to prepare authoritative Hindi texts of all Central Laws and at the same time appoint similar Commissions of qualified men to prepare authoritative texts of all Central Laws in all the languages mentioned in the Eighth Schedule to the Constitution."

(iii) That for the original Resolution the following be substituted, namely:

"This House is of opinion that the Central Government should immediately appoint an *ad hoc* Committee of suitable persons to examine and review the existing machinery and arrangements for preparation of authoritative Hindi Texts of all Central Laws and also to recommend, if necessary, the appointment of a special Commission for the purpose."

(iv) That for the original Resolution the following be substituted, namely:

"This House is of opinion that the Central Government should immediately take adequate steps to prepare the texts of all laws in the National Language."

श्री गाडगील (पूना मध्य) : सभापति जी, मेरा एक निवेदन हैं। मैं बहस नहीं करना चाहता। मेरा निवेदन यह हैं कि यह बहस ज्यादा से ज्यादा हिन्दी में हो और दूसरी प्रार्थना यह हैं कि जिनकी मातृभाषा हिन्दी हैं उनके लिए कम अवसर दिया जाये और जिनकी मातृभाषा हिन्दी नहीं हैं उनके लिए ज्यादा अवसर देना मैं मुनासिब समझता हूं।

Mr. Chairman: I am very sorry I cannot agree to any of these propositions. In the first place, speeches in English are allowed under the rules, and in the next place, there can be no discrimination between those speaking Hindi and those who do not speak Hindi, because the proposition is that the Central laws may be got translated in Hindi by a Law Commission.

श्री नंदलाल शर्मा (सीकर) : सभापति महोदय भी हिन्दी में बोलें तो बहुत अच्छा हो।

Mr. Chairman: Order, order. The House is aware that only one hour has been fixed and therefore only forty minutes are left.

Shri A. M. Thomas (Eranakulam): Let only non-Hindi people speak.

Mr. Chairman: I think that only five minutes can be allowed to each Member who may wish to speak.

सेठ गोविन्द दास (मंडला-जबलपुर---दक्षिण): सभापति जी, आपने इस प्रस्ताव के ऊपर बहस के लिये केवल एक घंटे का समय दिया है जब कि मैं समझता हूं कि यह इतना आवश्यक विषय है कि....

Mr. Chairman: I am not responsible for the apportionment of time; the House has accepted the report from the Committee.

सेठ गोविन्द दास : आपका कहना बजा है, लेकिन मैं समझता हूं कि कमेटी ने इस मामले में थोड़ी गलती की है। यह प्रस्ताव ऐसा है जिस पर पूरे एक दिन का समय दिया जाना चाहिये था। दूसरे आपने मुझे बोलने का समय भी इतना कम दिया है कि जिसके भीतर सब बातें कहना भी कठिन है, लेकिन तो भी मैं बहुत संक्षेप से दो, चार बातें निवेदन करना चाहता हूं। पहले तो मैं सरकार से यह जानना चाहता हूं कि हमारे संविधान ने पन्द्रह वर्ष का जो समय इस काम के लिये नियुक्त किया है उस समय के अन्दर इस काम को कर देने का सरकार का इरादा है या नहीं और अगर सरकार का यह इरादा है कि पन्द्रह वर्ष के अन्दर इस काम को पूरा करना है तो मैं अत्यन्त नम्रता के साथ यह निवेदन करना चाहता हूं कि जिस चाल से सरकार चल रही है इस काम में वह पन्द्रह वर्ष क्या अगर पन्द्रह वर्ष के ऊपर एक शून्य भी रख दिया जाये यानी डेढ़ सौ वर्षों में भी यह काम समाप्त होने वाला नहीं है। मैं यह जानता हूं कि हमारे मंत्री जी उठ कर यह कहने वाले हैं कि इस प्रस्ताव की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि विधियों का अनुवाद किया जा रहा है। मेरा यह निवेदन है कि अनुवाद से केवल काम चलने वाला नहीं है। यदि वे विधियां अधिकृत रूप से हमारे सामने न आ जायेंगी और वे विधियां यदि अंग्रेजी का ठीक स्थान नहीं ले लेंगी तो इस प्रकार का अनुवाद तो बाजार में भी किया जा सकता है और वह बेचा जा सकता है। जहां तक उनके अधिकृत रूप का सम्बन्ध है मैं यह चाहता हूं कि यह आयोग इस काम के लिये मुकर्रर हो। इस आयोग के जो मुख्य काम होंगे वह मेरी दृष्टि से तीन काम होंगे जो इस समय नहीं हो रहे हैं। पहला काम यह होगा कि विधि के निर्माण की। शैली को तय करना। अभी तक आप यदि देखें तो आपको मालूम होगा कि जितने अनुवाद इस समय तक किये गये हैं यहां, और जो मूल रूप में भिन्न भिन्न राज्यों में विधियां बनायी गयी हैं उनकी शैली एक दूसरे से नहीं मिलती। साहित्य में पर्यायवाची शब्दों का उपयोग किया जा सकता है, एक शब्द के स्थान पर दूसरा शब्द उपयुक्त हो सकता है, लेकिन जहां तक कानून का मामला है, हमको एक ही शब्द बार बार एक स्थान पर रखना पड़ता है और हम को इस बात का ध्यान रखना पड़ता है कि उस शब्द का प्रयोग हर कानून में चाहे वह कानून केन्द्र का हो या राज्यों का हो, वह शब्द उसी रूप में आना चाहिये। मेरा यह निवेदन है कि विधि मंत्रालय से जो अनुवाद हुए हैं विधि मंत्रालय स्वयं उन अनुवादों को देखे तो वह पायेगा कि एक शब्द एक विधि में एक काम में लाया गया है और वही शब्द दूसरी विधि में दूसरे काम में लाया गया है। भिन्न भिन्न राज्यों में जो मूल विधियां बनी हैं उनमें भी इस प्रकार की उलझनें मौजूद हैं। तो इस आयोग का पहला काम होगा कि शैली का वह निर्णय करे। दूसरे अर्थ की दृष्टि से किस शब्द का कहां पर उपयोग किया जाये, यह तय होना चाहिये। एक ही अर्थ में कानून में दो शब्द या अनेक शब्द काम में नहीं लिये जा सकते। तीसरे यह कि हिन्दी भाषा की जैसी रचना है उसके अनुसार यह विधियां बनें। अभी क्या हो रहा है? अभी जितने अनुवाद हुए हैं या जितने मूल कानून भी भिन्न भिन्न राज्यों में पास हुए हैं वह अंग्रेजी के रूपान्तर मात्र हैं। उनमें जरा भी इस बात का ध्यान नहीं रक्खा गया कि उनकी भाषा हिन्दी भाषा के उपयुक्त हो। तो इस आयोग के ये तीन काम होंगे। अगर यह आयोग न बना तो क्या नतीजा निकलेगा? भिन्न भिन्न कानून भिन्न भिन्न ढंग की भाषा में होंगे। भिन्न भिन्न शब्दों का भिन्न भिन्न प्रकार से उपयोग होगा।

केन्द्र में एक शब्द का प्रयोग होगा और राज्यों में दूसरा शब्द प्रयोग किया जायेगा । कानून एक दूसरे से मिलेंगे नहीं और उलझन इतनी अधिक बढ़ जायगी कि उस उलझन को आगे चल कर सुलझाना एक असम्भव बात हो जायेगी ।

दूसरे अगर यह कहा जाये कि पहले हमको शब्दावलि बनाना है और उसके बाद हमको कानून बनाना है तो मेरा आपसे यह निवेदन है कि शब्दावलि का इससे कोई सम्बन्ध नहीं है । हिन्दी में कानून के लायक पूरी शब्दावलि मौजूद है । यह कोई वैज्ञानिक शब्दावलि का मामला नहीं है कि विज्ञान में हमारे पास शब्दावलि नहीं है इसलिये शब्द पहले तैयार किये जायें । कानून के मामले में यह बात नहीं है । हमारे यहां पूरी शब्दावलि मौजूद है । उस शब्दावलि का ठीक शैली से उपयोग हो, इसी की आवश्यकता है । यह काम विधि मंत्रालय को करना चाहिये । मैं माननीय मंत्री से यह पूछना चाहता हूं, स्पष्ट रूप से, उनका विचार इस सम्बन्ध में कोई आयोग या कमेटी बनाने का है या नहीं ? मेरा पहला प्रश्न यह है । दूसरा प्रश्न यह है कि यदि उनका विचार कोई कमीशन, आयोग या कमेटी बनाने का है तो वह आयोग या कमेटी विधि मंत्रालय बना रहा है या शिक्षा मंत्रालय बना रहा है ? तीसरा प्रश्न मेरा यह है कि इस आयोग या इस कमेटी में किस प्रकार के लोग रक्खे जायेंगे ।

मैं केवल दो मिनट में खत्म किये देता हूं ।

Mr. Chairman: I have requested the hon. Member already; he says he would take two minutes; that means eight or nine minutes in all.

सेठ गोविन्द दास : शायद मुझे पांच मिनट भी नहीं दिये गये हैं....

Mr. Chairman: Now six minutes have passed.

सेठ गोविन्द दास : मेरा तीसरा प्रश्न बहुत जरूरी है और वह यह है कि इस आयोग या कमेटी में किन लोगों को मुकर्रर किया जा रहा है । मैं ने इस बात को देखा है कि हिन्दी का काम ऐसी संस्थाओं से लिया जा रहा है जिन संस्थाओं पर हिन्दी भाषा भाषियों का विश्वास नहीं है । हमने यह देखा है कि हिन्दी का काम ऐसे लोगों से लिया जा रहा है जिन लोगों का हिन्दी जगत में कोई स्थान नहीं है । यदि इस कमेटी में इस प्रकार के लोग मुकर्रर किये गये जिनका कि हिन्दी से कोई सम्बन्ध नहीं, जिन को हिन्दी भाषा नहीं आती और जिन पर हिन्दी जगत का विश्वास नहीं तो मैं मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि इस प्रकार की कमेटी या इस प्रकार का आयोग बनाना एक निरर्थक बात होगी ।

Mr. Chairman: Raghunath Singh.

Shri Achuthan: All view points about this resolution will be given an opportunity to express themselves, I hope.

Mr. Chairman: How can I know all the view points?

Shri Achuthan: From the amendments....

Mr. Chairman: That does not mean that every hon. Member who has given notice of an amendment must be allowed to speak.

Shri Achuthan: It is not that I should be....

Mr. Chairman: What other view point is there? I can only know from the amendments. If I accept the hon. Member's argument, I must allow every hon. Member who has given notice of amendment because he has got a view point. I am sorry I cannot accept the hon. Member's argument..... (*Interruptions.*)

Order, order.

श्री रघुनाथ सिंह : चेयरमैन साहब, मुझे भी इस सम्बन्ध में कुछ निवेदन करना है । पहली बात मुझे यह कहनी है कि भारतीय संविधान के अनुसार १४ क्षेत्रीय भाषायें हैं अगर इनमें से उर्दू को आप हटा दें, तो बाकी तेरह भाषायें ऐसी हैं जिनकी धातु संस्कृत है । मेरा पहला सुझाव आपके सामने यह है कि जो कमीशन नियुक्त किया जाये उसके सम्मुख यह सुझाव रक्खा

[श्री रघुनाथ सिंह]

जाये कि जो शब्दावली तैयार की जाये उसकी धातु संस्कृत हो। इसका कारण यह है कि भारतवर्ष को ६ स्टेट्स बिहार, उत्तर प्रदेश इत्यादि में हिन्दी का प्रचार है। आज वहां हिन्दी में काम होता है। लेकिन अगर वहां की कार्यवाही को और इस संसद की कार्यवाही को आप देखें तो आप पायेंगे कि एक ही चीज के वास्ते भिन्न भिन्न शब्दों का प्रयोग होता है। इस वास्ते मेरा सुझाव है कि जो भी शब्दावली बने उसकी धातु संस्कृत हो और साथ ही इसके मुझे यह भी कहना है कि तद्भव शब्द चाहे वे अंग्रेजी के हों और चाहे वे उर्दू के हों, उनको उसी रूप में अपना लेना चाहिये। जैसे "स्टेशन" शब्द है। इस स्टेशन शब्द को अगर आप हिन्दी में ऐसे ही ले लें तो कोई हर्ज नहीं है। लेकिन विदेशी तत्सम शब्दों को हमें त्याग देना चाहिये। जैसे "ट्रान्सफर" शब्द है। इसके वास्ते हमारे पास अच्छा शब्द है और उसका हम प्रयोग करें। मेरा सुझाव यह है कि हम तद्भव शब्दों को तो वैसे ही अपना लें लेकिन जहां तक विदेशी तत्सम शब्दों का सम्बन्ध है, उनमें अगर अन्य भाषाओं के शब्द छोड़ दें तो अच्छा है। तीसरी बात मुझे यह कहनी है कि यह समझना कि हिन्दी भाषा को हम हिन्दुस्तान के ऊपर लादना चाहते हैं, यह बात ठीक नहीं है। अगर हमें देश को एक बनाना है.....

Mr. Chairman: I am very sorry to interfere. The Resolution, as it stands, relates to the appointment of a Hindi Law Commission with a particular object. He is speaking on the general subject of Hindi. I will not allow him to do that. He must confine himself to the Resolution.

श्री रघुनाथ सिंह : मुझे आप से यह कहना है कि २६ जनवरी, १९५० को हम ने संविधान में समय की सीमा रक्खी कि पांच वर्ष के पश्चात् एक कमीशन नियुक्त होगा और हिन्दी के सम्बन्ध में जो भी कार्रवाई होगी वह उस कमीशन के द्वारा होगी। साथ ही साथ हम ने यह भी रखा कि पंद्रह वर्ष के अन्दर हिन्दुस्तान की राज्य भाषा हिन्दी हो जायेगी। अब पांच वर्ष में तीन महीने बाकी हैं। समय आ गया है कि एक कमीशन नियुक्त किया जाये। हमारी बहन ने जो प्रस्ताव रक्खा है वह बिल्कुल ठीक समय पर रक्खा है क्योंकि संविधान में दिये समय के अनुसार अब सिर्फ तीन महीने और बाकी हैं। इस समय कमीशन के नियुक्त होने की अत्यन्त आवश्यकता है। जिस में कानून के जितने शब्द हैं उन को हम फिर से ठीक से रक्खें।

इस के साथ मुझे एक बात और कहनी है अदालतों के बारे में। हमारे यहां सुप्रीम कोर्ट है, हाई कोर्ट्स हैं और लोअर कोर्ट्स भी हैं। अगर हम को एक भाषा करनी है तो यह होना चाहिये कि जितने हाई कोर्ट्स देश में हैं उन की भी एक भाषा हो। इस वास्ते अगर पंद्रह वर्ष में हम को एक राज्य भाषा को लाना है तो यह बहुत आवश्यक है कि हम इस वक्त जितने वैधानिक शब्द हैं, विधि के जितने शब्द हैं उन शब्दों की एक तालिका उपस्थित करें और उस के वास्ते जो प्रस्ताव हमारी बहन ने रक्खा है वह बहुत ठीक है।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि जो कमीशन नियुक्त किया जाये वह ला मिनिस्ट्री के अन्डर नियुक्त किया जाये। इस तरह से नियुक्त किया जाये कि उस का सम्बन्ध सीधे ला मिनिस्ट्री से हो, उस का एजुकेशन मिनिस्ट्री से सम्बन्ध न हो।

मेरा चौथा प्वाइंट यह है कि कुछ लोग यह कहते हैं कि शब्द संस्कृत के न हों। मैं आप से यह कहना चाहता हूं कि हमारी जितनी मनुस्मृतियां और धर्म-शास्त्र हैं जिन के द्वारा हमारे यहां हजारों वर्षों तक न्याय होता रहा है उन में कौन सी शब्दावलि के द्वारा काम होता रहा है ? वह हमारा शब्द भण्डार है। उसी शब्दावलि को हमें फिर से रखना चाहिये।

यहां पर मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि ७०० वर्षों तक मुसलमानों ने इस बात की कोशिश की कि हिन्दुस्तान में फारसी भाषा में

अदालतों में कार्रवाई हो परन्तु वे असफल रहे। हमारे एक भाई ने कहा कि हमारे यहां संस्कृत की शब्दावली होनी चाहिये लेकिन हिन्दी के स्थान पर संस्कृत का लाना ठीक नहीं होगा। इस तरह की भावना ठीक नहीं है। यह बात तर्कसंगत हो सकती है लेकिन लोकसंगत नहीं।

इन सब कारणों से मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

Shri Dabhi: I am sorry I cannot speak in Hindi.

श्री गाडगिल : कम से कम गुजराती में बोलिये।

Shri Dabhi: My amendment is to the effect that the Commission proposed to be appointed should not only prepare Hindi texts of all the Central laws but that, where necessary, it should revise the authorised Hindi translation of the Constitution also. We know that our Constitution which was adopted by the Constituent Assembly on the 26th November, 1949 was in English. After that the Constituent Assembly authorised Dr. Rajendra Prasad who was then the President.....

Shri Raghunath Singh: Not after that; it was before that.

